**BSNL EMPLOYEES UNION**
Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

BSNLEU

**P. Abhimanyu**
General Secretary

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

**बीएसएनएलईयू/102 (सर्कुलर संख्या 08/2021)** **24 दिसंबर, 2021**

सेवा में,

**सर्किल सचिव,**
**केंद्रीय पदाधिकारी**
**और जिला सचिव।**

प्रिय साथियों,

बीएसएनएलईयू की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों और विकास पर चर्चा करने के लिए 22.12.2021 को ऑनलाइन आयोजित की गई। कॉमरेड अनिमेष मित्रा, अध्यक्ष, ने बैठक की अध्यक्षता की। एक मिनट का मौन रखा गया और सीईसी की पिछली बैठक के बाद दिवंगत हुए सभी साथियों और नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। कॉम. पी. अभिमन्यु, महासचिव, ने सीईसी की बैठक में चर्चा के लिए नोट प्रस्तुत किया। महासचिव ने अपनी प्रस्तुति में किसानों के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत के बारे में विस्तार से बताया, जिस पृष्ठभूमि में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने 23 और 24 फरवरी, 2022 को आयोजित होने वाली आम हड़ताल का आह्वान किया है। आगे, उन्होंने राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन पर चलाए गए अभियान, नॉन–एक्जीक्यूटिवों के वेतन संशोधन, जीएमटीडी, लुधियाना के यौन उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, बीएसएनएलईयू के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण घटनाक्रमों, आदि पर भी रिपोर्ट दी। गहन विचार–विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं।

**(1) 23 और 24 फरवरी, 2022 को आम हड़ताल।**

सीईसी की बैठक ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन का विरोध करने और मेहनतकश जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर 23 और 24 फरवरी, 2022 को दो दिवसीय आम हड़ताल आयोजित करने के लिए केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान का स्वागत किया। सीईसी की बैठक में बीएसएनएल कर्मचारियों को इस आम हड़ताल में पूरी तरह से भाग लेने और हड़ताल को पूरी तरह से सफल बनाने का आह्वान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि, सीएचक्यू अंग्रेजी और हिंदी में पोस्टर और पैम्फलेट छापकर जिलों को भेजेगा।

**(2) नॉन–एक्जीक्यूटिवों का वेतन संशोधन।**

बैठक में पाया गया कि, बीएसएनएलईयू और एयूएबी द्वारा 2017 से किए गए सभी प्रयास, वेतन संशोधन के मुद्दे को सुलझा नहीं सके। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि नॉन–एक्जीक्यूटिवों का एक विशाल बहुमत ठहराव से पीड़ित था, हैदराबाद में आयोजित सीईसी की बैठक में कम से कम शून्य प्रतिशत फिटमेंट के साथ वेतन संशोधन को निपटाने का निर्णय लिया गया। जबकि प्रबंधन द्वारा 03.12.2021 को हुई वेतन वार्ता बैठक में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि वर्तमान में कुल 33,048 नॉन–एक्जीक्यूटिवों में से केवल 9,207 नॉन–एक्जीक्यूटिवों ही ठहराव से प्रभावित हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि नॉन–एक्जीक्यूटिवों का एक बड़ा वर्ग, जो ठहराव से प्रभावित हैं, पहले ही वीआरएस पर चले गए थे। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जीरो प्रतिशत फिटमेंट के साथ वेतन संशोधन का निपटारा होने पर दो तिहाई नॉन–एक्जीक्यूटिवों को लाभ नहीं होगा, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि,सीएचक्यू को कम से कम पांच प्रतिशत फिटमेंट के साथ वेतन संशोधन को निपटाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा, बैठक में पाया गया कि प्रबंधन, प्रबंधन पक्ष और कर्मचारी पक्ष दोनों द्वारा पहले से स्वीकृत वेतनमानों को कम

करने का प्रयास कर रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि, पहले से ही फाइनल किए गए वेतनमान को कम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

**(3) वेतनमान का उन्नयन।**

गहन चर्चा के बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि कनिष्ठ अभियंता के वेतनमान को एनई 9 से एनई 10 में अपग्रेड किया जाना चाहिए। सीनियर टीओए के वेतनमान को एनई 7 से एनई 8 में अपग्रेड किया जाना चाहिए। दूरसंचार तकनीशियन का वेतनमान एनई 6 से एनई 7 में अपग्रेड किया जाना चाहिए।

**(4) राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी)।**

सीईसी ने राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के खिलाफ सम्मेलन आयोजित करने वाली सर्किल और जिला यूनियनों को बधाई दी। यह निर्णय लिया गया है कि, बकाया सर्किलों और जिलों को एनएमपी के खिलाफ सम्मेलन आयोजित करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिएं। इसके अलावा, यह निर्णय लिया गया है कि, सार्वजनिक स्थानों पर मानव श्रृंखला कार्यक्रम और कर्मचारियों और जनता के बीच हस्ताक्षर अभियान को भी चलाया जाना चाहिए। तय किया गया है कि इस पर अंतिम फैसला समन्वय समिति में चर्चा के बाद लिया जाएगा।

**(5) गुवाहाटी अखिल भारतीय सम्मेलन।**

अप्रैल 2018 से मार्च, 2021 तक सीएचक्यू द्वारा प्राप्त कोटा के आधार पर सीएचक्यू द्वारा एआईसी में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों और पर्यवेक्षकों की संख्या को अंतिम रूप दिया गया है। इसके अलावा, यह निर्णय लिया गया है कि बीएसएनएल कामकाजी महिला समन्वय समिति की सभी सदस्य सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगी। अखिल भारतीय सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि शुल्क 1,000/— रुपये (एक हजार रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है। सम्मेलन में टीयूआई (परिवहन, बंदरगाह, मत्स्य पालन और संचार) के महासचिव को आमंत्रित करने का भी निर्णय लिया गया है। नेपाल दूरसंचार कर्मचारी संघ के महासचिव को भी एआईसी के लिए आमंत्रित किया जाना है।

**(6) जीएमटीडी लुधियाना द्वारा यौन उत्पीड़न।**

सभी सीईसी सदस्यों ने जीएमटीडी लुधियाना द्वारा यौन उत्पीड़न के खिलाफ समय पर कार्रवाई करने के लिए सीएचक्यू की सराहना की। बैठक में सभी सर्किल एवं जिला यूनियनों की जीएमटीडी, लुधियाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दिनांक 03.12.2021 को काला बिल्ला पहनकर प्रदर्शन का आयोजन करने की सफलता के लिए सराहना की गई। बैठक में जोरदार मांग की गई कि कॉरपोरेट प्रबंधन को जीएमटीडी, लुधियाना के खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक ने सीएचक्यू और बीएसएनएल डब्ल्यूडब्ल्यूसीसी को इस मुद्दे पर सभी आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

सधन्यवाद,

आपका,

**(पी. अभिमन्यु)**
**महासचिव**